स्पीड न्यूज

### जिला स्तरीय उत्कृष्ट युवा क्लब के चयन के लिए आवेदन की मांग

**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केंद्र, पलामू द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले युवा मंडलो से जिला स्तरीय उत्कृष्ट युवा मंडल पुरस्कार हेतु चयन के लिये आवेदन की मांग की है। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इस पुरस्कार के आवेदन के लिए वही युवा मंडल योग्य होंगे जिसे नेहरू युवा केन्द्र, पलामू व सोसाइटी रेजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अनुसार संबद्धता प्राप्त हो तथा युवा मंडल द्वारा वर्ष 2021-22 में कुल आय और व्यय का ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध हो। जिला स्तर पर उत्कृष्ट युवा मंडल के विजेता को 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। जिस युवा मंडल को पिछले दो वर्षों में उत्कृष्ट युवा मंडल का पुरस्कार प्राप्त हो चुका है वो इस वर्ष के पुरस्कार के लिये योग्य नहीं होंगे। आवेदन प्रारूप के बारे में ज्यादा जानकारी के लिये नेहरू युवा केन्द्र के जिला कार्यालय से जरूर संपर्क करें।

### डिस्ट्रिक्ट लेवल मल्टी स्टेक होल्डर मीटिंग का आयोजन 22 को

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 22 जनवरी रविवार को डिस्टिक लेवल मल्टी स्टेक होल्डर मीटिंग का आयोजन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के बेशम में 11:30 बजे मीटिंग का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, पोस्को के स्पेशल जज, प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट जे जे बोर्ड, उपायुक्त पलामू, पुलिस अधीक्षक पलामू, डीएसपी, डीएसडब्ल्यू, जिला परिवहन पदाधिकारी, लोक अभियोजक, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, महासचिव, सिविल सर्जन, सीडब्ल्यूसी के प्रेसिडेंट, डीसीपीओ, प्रोबेशन ऑफिसर आदि लोगों को पत्र भेजकर मीटिंग में आमंत्रित किया गया है।

### मां की ममता और पिता की छांव की तुलना अतुलनीय : अविनाश

**मेदिनीनगर।** दायित्व ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय अखिलेश कुमार वर्मा की 83 वीं जयंती मनाई गई। स्वर्गीय वर्मा का जन्म 19 जनवरी 1940 को रोहतास जिले के पैतृक गांव तिलौथू में एक साधारण परिवार में हुआ था जबकि 76 वर्ष की उम्र में उनकी मृत्यु 27 अक्टूबर 2016 को डाल्टेनगंज स्थित आवास पर आंशिक रूप से बीमार होने के कारण हो गई थी। विदित हो कि स्वर्गीय वर्मा स्थानीय प्रधान डाकघर में प्रधान डाकपाल के पद से सेवानिवृत्त हो कर अपना पूरा जीवन सादगी और सरलता के साथ निर्वहन करते हुए शिक्षा और ईमानदारी के प्रगति समर्पित रहे। स्वर्गीय वर्मा के पुत्र अविनाश कुमार वर्मा उन्हीं गुणों से प्रभावित होकर दायित्व ट्रस्ट का गठन किया।

### आम आदमी पार्टी की बढ़ रही है लोकप्रियता : राकेश

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी पलामू के चैनपुर सोनपुरा गांव में पिंटू पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया आप नेताओं ने पार्टी की टोपी वह पट्टा बनाकर सभी को पार्टी में शामिल कराया पार्टी के कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सदस्यता अभियान पंचायत स्तर पर चलाई जा रही है पंचायतों के सैकड़ों लोग पार्टी की कार्य से प्रभावित होकर पार्टी के सदस्यता अभियान से जुड़ रहे हैं आप नेता राकेश तिवारी ने कहा कि जन जन तक आम आदमी पार्टी की कार्यशैली को बताने के लिए हम सभी गांव की ओर निकल चुके हैं अब ग्रामवासी को भी केजरीवाल मॉडल पसंद आ गया है वही आप नेत्री वंदना सिन्हा ने महिलाओं को भी पर चढ़कर पार्टी के इस आंदोलन में साथ देने की बात कही महिलाएं भी पार्टी की कार्यशैली से काफी खुश है और पार्टी से जुड़ कर संगठन को मजबूत कर रही हैं आप युवा उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया।

ओपी जिंदल स्कूल में 16वां वार्षिकोत्सव 'अभिनंदन' संपन्न, सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# वार्षिकोत्सव किसी भी विद्यालय का आईना होता है : आरके अजमेरिया

खबर मन्त्र संवाददाता



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी जिंदल स्कूल, पतरातू में बुधवार को 16वां वार्षिकोत्सव अभिनंदन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जेएसपी के नए प्लांट हेड आरके अजमेरिया, नंदा अजमेरिया, एचआर हेड सुभाष चंदर, प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय, उप प्रचार्य पीके डे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को को भाव विभोर कर दिया। अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्लांट हेड आरके अजमेरिया ने कहा कि वार्षिकोत्सव किसी भी विद्यालय का आईना होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चो छुपी प्रतिभा उजागर होती है। साथ ही इनके कार्यक्रम कुछ ही घंटो में विद्यालय की संपूर्ण गतिविधियों को प्रदर्शित कर देते हैं। इससे पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि आरके अजमेरिया, मैडम नंदा, सुभाष चंदेर, शिशुपाल सिंह आदि जेएसपीएल के अधिकारियों को पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर विद्यालय के नए प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों व आगामी सत्र की शैक्षणिक क्रिया-कलाप की रूपरेखा अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दशम की परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने अभिभावकों व विद्यालय का मान बढ़ाया था। जो आगामी सत्र में और बेहतर होगा। मौके पर नीट 2021-22 में सफल होने पर पूर्व छात्र आदित्य सिंह, इसरो में रिशिका अग्रवाल और विज्ञान मंथन में ओम कुमार सिन्हा व नचिकेत कुमार तथा कराटे में अव्वल प्रर्दशन के लिए वंश पाठक को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के हेड बॉय सिद्धार्थ गौतम व हेड गर्ल पृशा वर्मा का योगदान रहा।

### बच्चों का डांस बना आकर्षण का केंद्र

वार्षिकोत्सव के अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसका आरंभ स्वागत गीत, गणेश व सरस्वती वंदना से किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा गलती से मिस्टेक व लव यू जिंदगी डांस आकर्षण का केंद्र बना। इसके अलावा समूह गान व नृत्य प्रस्तुत किये गये। साथ ही भांगडा, गुजराती, बांग्ला, नागपुरी आदि नृत्यों ने आये हुए दर्शकों का मन मोह लिया। हिंदी नाटक नया सवेरा व उदयपुर की ट्रेन एवं अंग्रेजी नाटक मोबाइल मैजिक और मेस के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी अभिनय प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

एक नजर में

## 3000 छात्रों के साथ विराट जिला छात्र सम्मेलन 23 जनवरी को



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलामू जिला की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन प्रमंडलीय कार्यालय गणपति धर्मशाला में किया गया,इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल जी उपस्थित रहेंगे। अभाविप के प्रदेश कार्यसमिती सदस्य विनीत पांडे ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, ज्ञान शील एकता के मूल मंत्र को लेकर छात्र समुदाय में राष्ट्रीयता की भावना, सामाजिक, सांस्कृतिक और नेतृत्व क्षमता का विकास छात्रों में हो इस विश्वास के साथ विद्यार्थी परिषद विगत 74 वर्षों से काम कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि अति सौभाग्य की बात है कि इस वर्ष विद्यार्थी परिषद अपना 75 वर्ष के पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश के सभी जिलों में विराट जिला छात्र सम्मेलन आयोजित कर रही है।

# धर्म की स्थापना और संस्कृति की रक्षा को हमेशा आगे रहूंगा : रोशन लाल चौधरी

श्रीरामनगर भुरकुंडा में श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर की छत ढलाई कार्य का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



पूजा अर्चना कर छत ढलाई कार्य का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री रामनगर भुरकुंडा में श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के छत ढलाई निर्माण कार्य का बुधवार को शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान पंडित सह कमेटी के कोषाध्यक्ष अनिल तिवारी द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा कराई गई। इसके बाद ढलाई कार्य की शुरूवात हुई। पूजा के दौरान जय श्री राम आदि भक्ति उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। मौके पर मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने लोगों से भगवान के दरबार के निर्माण में हर सभव सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मंदिर के निर्माण में मैं तन- मन- धन से कमेटी के साथ खड़ा रहूंगा। मंदिर का निर्माण जल्द हीं पूरा होगा। श्री चौधरी ने कहा मैं और आजसू कार्यकर्ता मंदिर निर्माण हेतू निरंतर सहयोग करते रहेंगे। मंदिर का प्रारूप काफी भव्य एव आकर्षक है। मन्दिर निर्माण के लिए रोशनलाल चैधरी ने निर्माण कमेटी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि धर्म की स्थापना और संस्कृति की रक्षा के लिए मैं हमेशा आगे रहूंगा। निर्माण कार्य को संपन्न कराने में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र राम, सचिव सुरेश महतो सहित महेश राम, बासुदेव साव, विनोद साव, रमाशंकर गोस्वामी, विकास तिवारी, नरेश रजक, महेश रजक, अभिषेक साव, गौरव गोस्वामी आदि सदस्य जुटे हैं। मौके पर मुखिया ब्यास पांडेय, मुखिया गुलाब देवी, पंसस रोहित सोनी, योगेश दांगी, विश्वरंजन सिन्हा, नंदकिशोर ठाकुर, सुनील साव, कवि राय, अनिल दांगी सहित दर्जनों गणमान्य लोग लोग मौजूद थें।

### साकनपीड़ी के डीलर गिरेंद्र का अनुज्ञप्ति निलंबित

**मेदिनीनगर/पाटन।** पाटन बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की अनुशंसा पर जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने पाटन प्रखंड के सगुना पंचायत के ग्राम साकनपीड़ी के जन वितरण प्रणाली के बिक्रेता गिरेंद्र सिंह की अनुज्ञप्ति को निलंबित कर दिया है। शिकायतकर्ता अमरेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि बिक्रेता द्वारा पूर्व में ही ई पॉश मशीन में अंगुठा लगवा लिया गया था परंतु खाद्यान्न मांगने पर डीलर द्वारा नहीं दिया गया। डीलर ने स्वीकार किया कि पूर्व में कार्डधारियों से ई पॉश मशीन में अंगूठा लगवा लिया जाता है और दो चार दिन के बाद खाद्यान्न दिया जाता है। दुकान में उपस्थित लाभूक से पूछने पर पता चला कि डीलर निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान देता है। डीलर माप तौल से संबंधित प्रमाण पत्र नहीं दिखा सका।

## फुसरो से अमलो चेकपोस्ट तक वायु, ध्वनि प्रदूषण चरम पर



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के फुसरो से अमलो चेकपोस्ट तक वायु और ध्वनि प्रदूषण चरम पर है। फुसरो अनुमंडलीय अस्पताल से लेकर प्रतिदिन बड़ी और छोटी वाहनों का हजारों-हजार की संख्या में प्रतिदिन आवागमन होता है। वाहनों में जोर जोर से हौरन बजाने से जहां ध्वनि प्रदूषण चरम पर है। वहीं जगह-जगह गिरने वाले कोयला और उस से बनने वाले डस्ट के उड़ने से वायु प्रदूषण भी चरम पर है। इस प्रदूषण के कारण जहां लोग फेफड़े की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। वही लोगों की आंख और कान में भी समस्या उत्पन्न हो रही है।

# कार्यक्रमों से बच्चों में विकास होता है : मजीद आलम

खबर मन्त्र संवाददाता



बच्चों को जानकारी देते विज्ञान शिक्षक।

**रजरप्पा।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय रजरप्पा द्वारा फॉसिल एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम किया गया। जिसके तहत बच्चों ने रजरप्पा कोलफील्ड का दौरा किया और कई प्रकार के फॉसिल की खोज की। कार्यक्रम में 09 छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा 10 के समीरा परवीन, रोशनी कुमारी, सानिया परवीन, प्रियंका कुमारी, प्रिया कुमारी, शोभा कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंका भारती तथा सपना कुमारी आदि ने भाग लिया. एक ग्रुप में तीन छात्राओं को रखा गया तथा कोलफील्ड के एक किलोमीटर परिधि में एक्सप्लोरेशन कार्यक्रम किया गया. ढाई घंटा के निरीक्षण के बाद कुल चार फॉसिल्स की खोज की गई। कार्यक्रम के निदेशक मजीद आलम (विज्ञान शिक्षक) के अनुसार यह विभिन्न पत्तों के इंप्रेशन फॉसिल हैं। ग्रुप के एक बच्चे ने उत्साहित होकर कहा कि एक फॉसिल को हम जिला के डीसी को भेंट स्वरूप देना चाहते हैं, बच्चों में काफी उत्साह और खुशी देखी गई। कार्यक्रम के कॉन्सेप्ट तथा निर्देशन विद्यालय के विज्ञान शिक्षक मजीद आलम ने किया जबकि कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर के रूप में विद्यालय की प्रधानाध्यापक अनुराधा शरण थी। विज्ञान शिक्षक मजीद आलम ने कहा की इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में अवलोकन क्षमता सृजनात्मक क्षमता एवं साइंटिफिक टेंपर का विकास होता है। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए विशेषकर विद्यालय के प्रधान अध्यापिका अनुराधा शरण को धन्यवाद ज्ञापित किया। स्कूल के सभी शिक्षकों ने इस कार्यक्रम के लिए बच्चों को बधाइयां दी। जिसमें शंकर तिवारी, वेद प्रकाश, अखिलेश कुमार, रजनी कांत उपाध्याय, असगर अली, ऋषिकेश आदि शामिल थे।

## सात दिवसीय इस्पातांचल स्वदेशी मेला हुआ प्रारम्भ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सात दिवसीय इस्पातांचल स्वदेशी स्वावलंबन मेला के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कर रहे विहिप के न्यासी जगन्नाथ शाही ने कहा कि स्वदेशी के बिना देश का विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम का संचालन मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख अजय चौधरी दीपक ने किया। बीएसएल के ईडी, पीएंडए, अमिताभ श्रीवास्तव ने भारतीयता और स्वदेशी भावना का अन्योन्याश्रय संबंध बताया। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि राष्ट्र की आत्मा को बचाना है तो स्वदेशी को अपनाना नितांत आवश्यक है। विशिष्ट अभ्यागत सीसीएल के निदेशक हर्षनाथ मिश्रा व मंच के क्षेत्रीय संयोजक सचिंद्र कुमार बरियार ने कहा कि स्वावलंबन की दिशा में मंच की ओर से गांव-गांव, शहर-शहर रोजगार सृजन केंद्र शुरू किया जा रहा है।

महुआटुंगरी जंगल का मामला

## अवैध स्टीम कोयला लदा ट्रैक्टर हुआ जब्त



जब्त ट्रैक्टर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** गुप्त सूचना के आधार पर कुजू पुलिस ने क्षेत्र के महुआटुंगरी जंगल से अवैध स्टीम कोयला लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया। वहीं पुलिस को देखकर कोयला तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार होने में सफल रहे। बताया जाता है कि बुधवार की देर रात्रि कुजू ओपी प्रभारी बलवंत दूबे को सूचना मिली कि महुआटुंगरी जंगल में अवैध स्टीम कोयला ट्रैक्टरों पर लोडकर बाहर भेजा रहा है। इस पर उन्होंने त्ववरित कार्रवाई करते हुए अपनी टीम के साथ उक्त स्थल पहुंचे। जहां देखा कि जंगल में बिना नंबर के ट्रैक्टर पर अवैध स्टीम कोयला लोड किया जा रहा है। वहीं मौजूद कोयला तस्कर पुलिस को देखते ही नौ-दो ग्यारह हो गये। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को जब्त कर ओपी परिसर ले आया गया। ट्रैक्टर पर करीब डेढ़ टन अवैध स्टीम कोयला लदा है। मामले को लेकर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक, मालिक व कोयला चोर समेत रामगढ़ के ईंट भट्टा संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### 100 लोगों की नेत्रों की हुई जांच

**बेरमो।** पंजाब नेशनल बैंक फुसरो शाखा के सौजन्य से गुरुवार को निरूशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। बोकारो के कोऑपरेटिव एसबीआई के समीप स्थित संजीव नेत्रालय के चिकित्सक दीपका सिंह व चिकित्सक अतिश कुमार प्रघान तथा ओपीटीएम खोखन सरदार ने एक सौ से अधिक लोगो की नेत्र जांच कर निशुल्क दवाइयां दी। चश्मा और लेंस आदि की भी सुविधा प्रदान की गई। जिन लोगों मे नेत्र के गंभीर रोग का पता जांच के दौरान चला उन्हें बेहतर उपचार हेतु आवश्यक सलाह दी गई।

अधिकारों को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने की बैठक

# जिला पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न, जल्द हो प्रशिक्षण : कुमारी बिनीता



बैठक में शामिल पंचायत प्रतिनिधि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** देवांगना चौक स्थित भंडारा पार्क में पंचायती राज अधिनियम में उल्लेख दायित्व, शक्ति, कर्तव्य व अधिकार पंचायत प्रतिनिधियों को मिले इसको लेकर जिला भर के पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख ने बैठक का आयोजन किया। प्रमुख संघ अध्यक्ष के अध्यक्षता प्रमुख संघ अध्यक्ष संतोष मंडल ने किया। बैठक के माध्यम से जिला प्रशासन से लेकर झारखंड सरकार तक एक स्वर में आग्रह किया गया की हमारी शक्तियां जो अधिनियम में उल्लेख है वही सत प्रतिशत हमे दिया जाय। ऐसा इसलिए अनुरोध किया जा रहा है क्योंकि प्रखंड विकास पदाधिकारी से लेकर संबंधित पदाधिकार कार्मिक को शायद मालूम ही नहीं है की पंचायत समिति सदस्यों की भागीदार विकास की कार्यों में क्या है? प्रखंड, अंचल के आला अधिकारी से लेकर एक कर्मचारी तक हमे तवज्जो नही देते है। गत 7 महीना से किसी तरह की प्रशिक्षण तक नही मिलना चिंता जनक है। पंचायत समिति सदस्यों का कहना है की हम तो जनता की सेवा करने आए है और अपने अपने क्षेत्रों का विकाश में एक कड़ी बन कर चहमुखही विकास कर नाम कमाने आए है इसके लिए पंचायती राज अधिनियम में उल्लेख अपनी शक्तियां पढ़ कर समझ गए है और उसी के अधीन करना चाहते है लेकिन प्रखंड कार्मिको को पता ही नही की पंचायत समिति सदस्यों की क्या दायित्व है, उनको लगता है की ऐसा कुछ नही है। सरकार हमे प्रशिक्षण न दे तो कोई बात नही लेकिन प्रखंड अंचल के कार्मिकों को जनप्रतिनिधि की महत्व की प्रशिक्षण सरकार को देना चाहिए। उपरोक्त समस्या पर समाज सेवी मुन्ना सिंह ने संज्ञान लेते हुए सदर प्रमुख बिना देवी के माध्यम से माननीय न्यायालय में याचिका दायर कर अपना अधिकार का न्याय मांगने का सलाह दिए तथा पैरवी कर रहे अधिवक्ता से लगातार संपर्क कर जल्द से जल्द माननीय न्यायालय से न्याय दिलवाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है । इस बैठक में सभी प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख एवं पंचायत समिति सदस्य उपस्थित हुए तथा अगला रणनीति तैयार करने का विचार करने हेतु संघ से अपील किए।

## झंडारोहण कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई संपन्न



बैठक में उपस्थित बीडीओ व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय के परिसर में दिन गुरूवार को आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को झंडोत्तोलन कार्यक्रम की तैयारी करने हेतु,प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में मनिका प्रखंड के राजनीतिक दलों के साथ साथ कई लोग भी शामिल हुए। बैठक के दौरान गणतंत्र दिवस के दिन विभिन्न राजनितिक दलों के कार्यालय सहित सरकारी कार्यालयों में झंडोत्तोलन कार्यक्रम को संपन्न करवाने हेतु समय सारणी निर्धारण को लेकर लोगो ने अपना अपना विचार व्यक्त किया। मनिका प्रखंड क्षेत्र में मुख्य रूप से झंडोत्तोलन कार्यक्रम प्रखंड संसाधन केंद्र मनिका में सुबह 7:50,वनरोपन कार्यालय में 8:08, प्रादेशिक वन क्षेत्र कार्यालय में 8:10, राजद कार्यालय में 8:20, भाजपा कार्यालय में 8:30, झामुमो कार्यालय में 8:40, जिला परिषद कार्यालय में 8:50,प्रखंड पशुपालन विभाग में 9:00, पंचायत भवन मनिका में 9:15,प्रखंड कार्यालय मनिका में 9:30, कांग्रेस कार्यालय मनिका में 9:40,थाना परिसर में 9:55, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका में 10:05,उच्च विधालय मनिका में 10:10,भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर 10:20,कस्तुरबा गांधी आवासीय विधालय मनिका में 10:25,सुबह मे झंडोत्तोलन करने का समय निर्धारित किया गया है। मौके पर जिप सदस्य बलवंत सिंह,भाजपा नेता रघुपाल सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव,पूर्व प्रमुख उमेश यादव,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,सासंद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय,राजद प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव,समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बालिका उवि में चित्रकला प्रतियोगिता



**गढ़वा।** राष्ट्रीय युवा दिवस के तहत नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के तत्वावधान में गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा पदाधिकारी मोहिसन हासमी के निर्देश पर राजकीय कृत बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में चित्रकला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य रेयाज अहमद, शिक्षक उमेश राम, शिक्षिका ज्योति कुमारी, सुनीता कुमारी एवं प्रतिभा कुमारी ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। प्राचार्य ने कहा कि युवाओं और छात्र-छात्राओं में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने और उनके भविष्य को संवारने में नेहरू युवा केंद्र अहम भूमिका निभाती है। हर युवा में कोई न कोई प्रतिभा होती है। जिसे अवसर प्रदान कर आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद युवा के प्रेरणा स्त्रोत हैं। स्वयंसेवक खुशबू कुमारी ने कार्यक्रम के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में युवा के प्रतिभा को निखारने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, चित्रकला प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मंच का संचालन सत्यम कुमार ने किया। मौके पर एमटीएस रमेश कुमार, स्वयसेवक सूफिया खातून, सुनीता कुमारी, वसीम अकरम सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### मझिआंव में झंडारोहण का समय निर्धारित



**मझिआंव।** गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ के अवसर पर झंडोत्तोलन को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ नितेश भास्कर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन को लेकर सर्वसम्मति से झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया है। जिसमें प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पूर्वाहन 8:45 बजे झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार थाना परिसर में पूर्वाहन नौ बजे, रेफरल अस्पताल परिसर में 9:15 बजे, पशु चिकित्सालय में 9:30 बजे, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 9:45 बजे, नगर पंचायत कार्यालय में 10:15 बजे, सभी पंचायत भवन में 10:20 बजे, प्रगति मजदूर यूनियन कार्यालय में 10:25 बजे, भारतीय किसान संघ कार्यालय में 10:30 बजे, सिबेसर चंद्रवंशी डिग्री महाविद्यालय में 10:35 बजे, चेंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में 10:40 बजे एवं दूरसंचार विभाग कार्यालय में 10:45 बजे झंडोत्तोलन करने का समय निर्धारित किया गया। बैठक में उपस्थित तमाम लोगों को निर्देश देते हुए बीडीओ ने कहा कि बैठक में निर्धारित समय अनुसार ही झंडोत्तोलन का कार्य संपन्न करें। उन्होंने कहा कि अपराहन काल में सूर्यास्त पूर्व ही झंडा को सम्मान के साथ उतार ले। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला, रेफरल चिकित्सा प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ, एएसआई आलोक कुमार, पंचायत सचिव रविंद्र नाथ दुबे, मुतुर्जा अंसारी, जयप्रकाश जायसवाल, उपाध्याय, कार्तिक कुमार, गीता कुमारी सिंह, अवध बिहारी सिंह, मेदनी सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कड़ाके की ठंड को देखते हुए गडगी पंचायत के दक्षिणी टोला आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 97 में बच्चों के बीच गुरुवार को मुखिया फरीदा खातून के नेतृत्व में स्वेटर व माक्स का वितरण किया गया। वहीं मुखिया फरीदा खातून ने कहा कि सरकार द्वारा आम जनता को देने वाले तमाम सुविधाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। वही आंगनबाड़ी परसाबाद केंद्र संख्या 92 में भी बच्चों के बीच स्वेटर व माक्स का वितरण किया गया और कटिया पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 95 में वार्ड सदस्य पिंकी देवी के नेतृत्व में बच्चों के बीच स्वेटर, माक्स का वितरण किया गया। मौके पर सरफुद्दीन अंसारी, डेगलाल चैधरी, रिंकू देवी, अंजू देवी, सरिता देवी, मीना देवी, पुष्पलता देवी, साहिका शीतल देवी आदि मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों का सीओ ने किया निरीक्षण



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवीपुर पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का सीओ राम सुमन प्रसाद ने गुरुवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमानुकूल केंद्र संचालन नहीं देख नाराजगी जताई एवं सुधार का निदेश दिया। वहीं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का डाटा कलेक्ट कर पोषण ट्रेकर पर अपलोड करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 67, 136 का निरीक्षण किया। इसमें केंद्रों की साफ सफाई, पोषाहार, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों का वजन, ग्रोथ चार्ट पंजी सहित अन्य पंजियों का गहन निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर कई केंद्रों पर साफ-सफाई की कर्मी और ग्रोथ चार्ट अपडेट नही रहने पर नाराजगी जतायी। उन्होंने सेविका व सहायिकाओं को कुपोषण-मुक्त समाज निर्माण के लिए नियमानुसार ससमय प्रतिदिन केंद्र संचालन का निर्देश दिया। इसके साथ ही गुणवतापूर्ण पोषाहार व केंद्र पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए केंद्र के कर्मियों को निर्देश दिया। मौके पर सीआई आलोक शर्मा, समेत सेविका सहायिका आदि लोग मौजूद थे।

# ऑनलाइन मरीजों का इलाज करें डॉक्टर

### कोडरमा में चिकित्सकों को दी गयी ई-संजीवनी की ट्रेनिंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में जिला में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारियों को ई-संजीवनी (टेलीमेडिसिन) से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें टेलीमेडिसिन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

वहीं सिविल सर्जन ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण सुदूरवर्ती क्षेत्र में रह रहे लोगों को टेलिकंसल्टेशन के माध्यम से बेहतर चिकित्सकीय स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराना, जिससे ग्रामीण अपने निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर मुफ्त उपचार का लाभ उठा सकेंगे। वहीं उन्होंने सभी चिकित्सकों को निर्देश दिया कि वे अपने रोस्टर के अनुसार ऑनलाइन अधिक से अधिक लोगों का उपचार करें। वहीं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह एनसीडी सेल के नोडल पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने कहा कि यह उतना ही प्रभावी है जितना एक टेलीफोन के जरिये चिकित्सा संबंधी किसी समस्या पर रोगी और स्वास्थ्य विशेषज्ञ आपस में बात करते हैं। वहीं प्रशिक्षक के रूप में राज्य से आये टीम ने ई-संजीवनी के संदर्भ में विस्तृत जानकरी साझा करते हुए टेलिकंसल्टेशन की पुरी प्रक्रिया को लाइव टेलिकंसल्टेशन कर दिखाया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला कार्यक्रम सहायक के द्वारा सभी चिकित्सकों से आग्रह किया गया कि सभी ऑनलाइन होकर टेलिकंसल्टेशन करें जिसकी सप्ताहिक समीक्षा जिला नोडल पदाधिकारी के द्वारा की जाएगी। मौके पर शिव शंकर कुमार, अशोक तिग्गा, डॉ. सुनील कुमार यादव, डॉ. नीरज कुमार साह, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. अनुज कुमार सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मयूरी सिन्हा, डॉ. सत्यनारायण भगत, डॉ प्रशांत उपाध्याय, डॉ. सौरभ रविकांत सिंह, डॉ. आशीष राज, डॉ. अजय कुमार रवि, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. सत्येंद्र कुमार सिन्हा, डॉ. अशोक कुमार यादव, डॉ. राजेश कुमार दुबे एनसीडी कार्यालय के प्रदीप कुमार, दीपेश कुमार, सिद्धान्त ओहदार आदि मौजूद थे।

### चतरा में श्रम मंत्री ने दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले का किया उद्घाटन, कहा

# युवाओं को रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने श्रम नियोजन परिसर में जिला नियोजनालय में आयोजित दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

मंत्री ने कहा कि चतरा जिले में रोजगार मेले का आयोजन कर युवाओं को जोड़ना खुशी की बात है। युवाओं को रोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार युवाओं कौशल विकास विभाग के माध्यम से हुनरमंद बना रही है।

राज्य में कौशल विकास विभाग के तहत आधुनिक तरीके से विभिन्न क्षेत्रों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य सरकार स्थानीय निजी क्षेत्रों की प्रतिष्ठानों और कम्पनियों में स्थानीय लोगों की 75% भागीदारी सुनिश्चित हो इसका प्रयास कर रही है। इस दौरान सैकड़ों युवा युवतियों को विभिन्न निजी कम्पनियों का ऑफर लेटर दिया गया। मेले के उदघाटन समारोह के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, नियोजन पदाधिकारी मनु कुमार, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, मंत्री प्रतिनिधि हारून रशीद, राजद नेता भोली साहू समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

### सदर अस्पताल परिसर से मोटरसाइकिल की चोरी

**कोडरमा।** मुख्यालय में मोटरसाइकिल चोरी रुकने का नाम नहीं रहा है। बताते चलें कि सदर अस्पताल में सीसीटीवी कैमरा लगने के बावजूद आये दिन मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आता रहता है। इसी कड़ी में झुमरीतिलैया विद्यापुरी निवासी संतोष कुमार दास पिता महेश राम ने थाना में मोटरसाइकिल चोरी को लेकर आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में उन्होंने बताया है कि मैं बुधवार को अपने पिता का इलाज करवाने सदर अस्पताल आया था, इस दौरान अस्पताल परिसर में अपना मोटरसाइकिल संख्या जेएच02जी/4745 खड़ा किया। जब इलाज करवाकर वापस लौटा तो मेरा मोटरसाइकिल वहां नहीं था। थाना प्रभारी इंदु भूषण कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दिया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**डोमचांच ।** डोमचांच-पिपचो मार्ग स्थित मंझलीटांड़ के समीप अज्ञात ट्रक के चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान 50 वर्षीय किशुन भुईयां लठियोबर निवासी के रूप में की गई है। युवक लठियोबर से डोमचांच पैदल चाय पीने के लिए आ रहा था, तभी डोमचांच की ओर से बगड़ो की ओर जा रही ट्रक ने युवक को चपेट में ले लिया।

### गरीबों के बीच किया गया कंबल वितरण

टंडवा( चतरा)। मिश्रौल पंचायत अन्तर्गत ग्राम फुलवरिया के मारंगलोइया टोला व टेकठा, मिश्रौल में असहाय परिवारों को विकलांग, विधवा, बुजुर्ग महिला व पुरुष के बीच सैकड़ों कम्बल दिया गया। इस मौके पर मौजूद समाजसेवी ने कहा कि हमलोग जनप्रतिनिधि कम्पनी से पहल करके हमेशा राहत देने का काम करेंगे ऐसे लोगों को सेवा देना हमलोगों का कर्तव्य है। कम्बल वितरण में एएमपीएल फान्डेशन कंपनी के कर्मी मोहम्मद शमीम अंसारी, सौरभ झा, प्रीतम घोष, समाजसेवी उमेश कुमार गंझू, मिश्रौल पंचायत मुखिया सुबेश राम, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी,वार्ड सदस्य सुनिता मिंज, लखन गंझू, लोकनाथ गंझू, मुनेश गंझू, सुरेन्द्र गंझू, देवा गंझू, मनोज गंझू,आदि कई ग्रामीण मौजूद थे।

# ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने सीएम का जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ढिबरा को लेकर सरकार की लचीला रुख अपनाने व ढिबरा व्यवसाय को गति देने को लेकर सरकार के स्तर से नीति बनाने से ढिबरा मजदूरों में खुशी की लहर है एवं ढिबरा मजदूरों ने सीएम के प्रति आभार जताया है।

इधर ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने ढिबरा बहुल ग्रामीण इलाके का दौरा किया। ढिबरा कारोबार को लेकर कॉपरेटिव बनाने की नीति पर सरकार की तारीफ की। संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा घटवार ने कहा की कॉपरेटिव सोसाइटी हर पंचायत स्तर पर बनें। ताकि कॉपरेटिव के जरिए ग्रामीण क्षेत्र और जंगली क्षेत्र में रहने वाले ढिबरा मजदूरों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा की कुछ लोग ढिबरा मजदूरों के नाम पर कॉपरेटिव सोसाइटी का गठन किया है, जिसका उद्देश्य मजदूरों को दरकिनार कर मुनाफाखोरी को बढ़ाना है। ग्रामीण क्षेत्रों के ढिबरा मजदूरों में काफी रोष है क्योंकि कॉपरेटिव बनाने वाले लोगों का दूर दूर तक ढिबरा चुनने या ढिबरा मजदूरों से कोई वास्ता नहीं है। राजनीतिक पहुंच के कारण गलत तरीके से कुछ लोगों ने कॉपरेटिव का गठन किया है। ढिबरा मजदूरों के उत्थान के लिए कॉपरेटिव में ढिबरा मजदूरों और ढिबरा से जुड़े लोगों को ही जगह मिलनी चाहिए। संघ ने जरगा, विशुनपुर, सपही समेत आधा दर्जन गांवों का दौरा किया और ढिबरा मजदूरों को पंचायत स्तर पर कॉपरेटिव बनाने को लेकर चर्चा किया। मौके पर शीला देवी, महादेव सिंह, राज किशोर सिंह, राजकुमार सिंह समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सिमरिया में झंडारोहण का समय हुआ निर्धारित



**सिमरिया।** गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में गुरुवार को एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास ने की। बैठक में अंचल अधिकारी छुटेश्वर दास मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले झंडोत्तोलन की समय सारणी निर्धारित की गई। निर्धारित समय सारणी के अनुसार नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण 8:00 बजे,अनुमंडल कार्यालय में झंडोतोलन 9:05 बजे,प्रखंड कार्यालय में 9:15 बजे,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में 9:25 बजे, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:35 बजे,सिमरिया थाना में 9:45 बजे,रेफरल अस्पताल में 9:55 बजे और अनुमंडल स्तरीय झंडो तोलन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 10:05 बजे किया जाएगा।बैठक में मुखिया विनोद महतो,नरेश साव, वनपाल अजीत तुरी,सुधीर सिंह,भोला सिंह, लखन साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बैंक ऑफ इंडिया परसाबाद में लगा लोन मेला

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद बैंक ऑफ इंडिया शाखा परिसर में लोन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक विमलकांत झा एवं शंभू कुमार दास शाखा प्रबंधक उपस्थित थे। वहीं परसाबाद शाखा में कृषि क्षेत्र में 4 लाख और एसी 20 लाख, खुदरा 2 लाख, सीएस 35 लाख कुल 31 खाते में 77 लाख लीड जेनरेट हुआ। वहीं क्षेत्रीय प्रबंधक ने अपील किया कि जिस विश्वास से लोन लेते हैं, उसी विश्वास के साथ उसकी वापसी भी करें, जिससे बैंक का विश्वास बढेगा और ग्राहक अत्यधिक लाभ के हकदार बनेंगे। लोन मेला संपन्न करने में सभी बैंक पदाधिकारी व कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# तहरीक-ए-बेदारी इस्लाहे मुशायरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पिपचो के बेलासिंगा मैदान में गुरुवार को जलशा का आयोजन किया गया। जलसे में विभिन्न इलाकों से हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी।

जलसे की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्यसभा के पूर्व सदस्य सदर मकेर्जी इदार-ए-शरिया पटना के मौलाना गुलाम रसूल बलियावी एवं संचालन मौलाना कुतुबुद्दीन रजवी ने की।

वहीं मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा पर जोर देने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी कौम की दुनिया में कोई हैसियत और पहचान नहीं होती। उन्होंने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार किए गए वादों को पूरा नहीं कर रही है, अभी तक उर्दू शिक्षक की बहाली नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि मदरसों को भी अभी तक अनुदानित नहीं किया गया है। मॉब लिंचिंग पर जिस प्रकार एसटी, एससी एक्ट बनाया गया है उसी प्रकार मुस्लिमों को सुरक्षा दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमें खैरात नहीं चाहिए हमें अपना अधिकार चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार से मुस्लिम सेफ्टी एक्ट बनाने, उर्दू अकेडमी, मदरसा बोर्ड, अकलियत कमीशन, सुन्नी वक्फ बोर्ड का गठन करने, रोजगार व सत्ता में हिस्सेदारी की मांग की गई है। वक्ताओं

### जलसे में उमड़ी भीड़

की उपस्थिति में मुस्लिम युवाओं से बिना दहेज के शादी करने का संकल्प कराया गया। नौजवान युवकों के उनके अभिभावकों से भी दहेज नहीं लेने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के अंतिम में मुल्कोमिल्लत की सलामती के लिए हजारों की संख्या में हाथ उठे और दुआ की गई। मौके पर डॉ. अमजद रजा, अमजद इदारे, मुफ्ती गुलाम हुसैन, सकाफी, आसिफ इकबाल, शायरी इस्लाम, दिलबर शाही, हबीबुल्लाह फैजी, अकहरुल कादरी, शायर इसलाम दिलकश, मौलाना अब्दुल मुबीन रजवी सहित झारखंड बिहार उत्तर प्रदेश के कई उलेमा मौजूद थे।

## एक नजर में

### श्री शतचंडी महायज्ञ में शामिल हुए मंत्री



**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के वशिष्ठनगर जोरी के मास्टर मोहल्ला में आयोजित सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ सह दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा के समापन समारोह में मंत्री सत्यानन्द भोगता शामिल हुए। इस दौरान मंत्री ने यज्ञाधीश स्वामी श्री नंदगोपालाचार्य जी से आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की कामना की। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय, राष्ट्रीय जनता दल नवलकिशोर यादव, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, वरिष्ठ राजद नेता चंद्रिका यादव, यज्ञ समिति के लोग समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

### सांसद खेल प्रतियोगिता में चतरा का खिलाड़ी प्रथम



**चतरा।** सांसद सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में नेतरहाट में आयोजित सांसद खेल प्रतिस्पर्धा में चतरा के चतरा के टंडवा की बालिका रीना कुमारी ने 1500 मीटर की दौड़ में प्रथम एव बालक आशीष कुमार पत्थलगड़ा द्वितीय और अवधेश कुमार हंटरगंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, खेल पदाधिकारी तुषार राय, उपनिर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी ने बुके, गाउन और मेडल देकर सम्मानित किया। सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि उक्त स्पर्धा से ग्रामीण छात्र छात्राओं में ऊर्जा का संचार हुआ है। ऊर्जान्वित बच्चे हजारों दर्शकों के बीच अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। खेल स्पर्धा से छात्र छात्राओं में सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में छुपे प्रतिभा को उभारने का मौका मिलता है।

### 9 सूत्री मांगों को ले मुखिया संघ ने सौंपा ज्ञापन



**सिमरिया।** मुखिया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को प्रखंड कार्यालय पंहुचा और प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह के नाम 9 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा।प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष विनोद महतो कर रहे थे। मांगो मे अंबेडकर आवास आवंटन सभी पंचायतों को बराबर देना और उसकी सूची उपलब्ध कराना,जनवितरण दुकानदारों के आवंटन के सूची दुकानवार मुखिया को उपलब्ध कराना, खादयान का वितरण मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि के उपस्थित में कराना,15 वीं वित आयोग योजना की मापी पुस्तिका पर सचिव के साथ मुखिया का हस्ताक्षर को अनिवार्य कराना, आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार अथवा अन्य वितरण सहित बच्चो की संख्या को दीवार पर प्रदर्शित करना,साथ हीं उनके मासिक वाउचर पर मुखिया द्वारा सत्यापित कराना,स्वस्थ उपकेंद्र के डॉक्टर नर्स एवं कर्मचारी का नाम और मोबाइल नंबर पंचायत कार्यालय को उपलब्ध कराना प्रखंड कार्यालय में होने वाले बैठक की सूचना तीन दिन पूर्व उपलब्ध कराना और सभी कार्यक्रमों और समारोह में मुखिया की उपस्थिति सुनिश्चित कराना शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में मुखिया नरेश साव,इफ्तेशाम प्रवीण,अनीता देवी,शकुंतला देवी, सहित अन्य शामिल थे।

### 285 किसानों के खातों में सवा करोड़ हस्तांतरित



**चतरा।** खाद्य सार्वजनिक वितरण एंव उपभोक्ता मामले विभाग अंतर्गत जिला आपूर्ति विभाग चतरा के द्वारा रजिस्टर्ड किसानों के बीच अब तक एक करोड़ 20 लाख 63 हजार 682 रुपये खातों में हस्तांतरित किया गया है।उक्त बातें जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने बताया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी खिजरी ने बताया कि जिले में कुल रजिस्टर्ड किसानों की संख्या 18 हजार 225 है। अब तक 1205 कृषकों ने विभिन्न पैक्सों में धान जमा किया है। 285 किसानों के खातों में राशि का सीधा हस्तांतरण किया गया है। शेष किसानों के खातों में भी राशि हस्तांतरण की प्रक्रिया जारी है।

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा का झंडारोहण 21 को

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया परसाबाद में होने वाले श्री राम महायज्ञ एवं श्री सीताराम जी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर शनिवार को झंडारोहण विद्यावान आचार्य के द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष नारायण मोदी ने दी।

### सीओ और बीडीओ को शो-कॉज

**कोडरमा।** जोहार यात्रा का दूसरे चरण केतहत बुधवार को गिरिडीह नगर भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गिरिडीह एवं कोडरमा जिले के विकास योजनाओं समीक्षा की गई। उन्होने कहा कि अपनी जिम्मेदारियों से अधिकारी व कर्मचारी नहीं भागें, अन्यथा मुसीबत में पड़ेंगे। आपकी सरकार आपके द्वार आपका अधिकार कार्यक्रम में राज्य में सर्वाधिक मामलों को निबटाए जाने पर गिरिडीह जिला की सराहना की गई। मुख्यमंत्री ने गिरिडीह व कोडरमा जिले से आए अधिकारियों को हिदायत दी कि राज्य सरकार की ओर से जो महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की गईं हैं,? उन योजनाओं को धरातल पर उतारना? उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर से कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने में अधिकारी सरकार का सहयोग करें।

## नेतरहाट सांसद खेल स्पर्धा में लातेहार, चतरा और पांकी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का मनवाया लोहा

# खेल महाकुंभ युवाओं को विकास की नयी ऊंचाई प्रदान करेगा : सुनील सिंह

## नेतरहाट में अपनी प्रतिभा दिखाकर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हो सकेंगे खिलाड़ी : संजीव सिंह



→ सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का बैलून उड़ाकर शुभारंभ करते हुए।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर मंच दिलाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चतरा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत नेतरहाट में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। खेल जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाने की चाहत रखने वाले प्रतिभाओं को ऊंची उड़ान भरने के लिए बहुत बड़ा मौका है। उक्त बातें चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह ने नेतरहाट में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ियों और गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए कही। सांसद ने आगे कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाएं निखरेंगी ही नहीं बल्कि विश्व पटल पर अपनी कामयाबी का लोहा मनवाने का काम करेगी। प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को आगे चलकर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

➲ **प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मिला सुनहरा अवसर**

### सांसद ने खेल स्पर्धा के संचालन के लिए बनायी कई टीमें

सांसद चतरा लोकसभा सह अध्यक्ष सांसद खेल स्पर्धा द्वारा कार्यक्रम को विस्थापित एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए अलग-अलग टीम बनाया गया एवं इसे जिम्मेवारी पूर्वक निर्वाहन करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में आए खिलाड़ियों एवं अतिथियों के सहयोग एवं सुविधा के लिए खिलाड़ियों के आवास की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था, मैदान में खिलाड़ियों को समय से लाने और ले जाने की व्यवस्था, खिलाड़ियों के एकत्रीकरण एवं पंजीयन की व्यवस्था, अतिथियों के लिए आवासीय व भोजन की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था के साथ-साथ स्वागत टीम, लाइट साउंड टीम, मंच संचालन टीम, वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था के लिए टीम, संध्या संगीत के लिए टीम इस तरह से व्यवस्था के लिए अलग-अलग कार्यकर्ताओं द्वारा टीम बनाकर कार्य को संपादन करने की जिम्मेदारी दी गई है।



सांसद का स्वागत करते लातेहार जिला परिषद के अध्यक्ष।


सांसद व अतिथियों ने मशाल जलाकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ।

### खिलाड़ियों का रहा दबदबा

डिस्कस थ्रो बालिका वर्ग में विजेता लिंडा गिद्धौर, चतरा बबीता कुमारी, मनिका लातेहार कोमल कुमारी, इटखोरी चतरा डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में अभिषेक करकट्टा, महुआडाड चंदन कुमार यादव, मयूरहंड पप्पू कुमार, हंटरगंज हाई जंप बालिका प्रमिला कुमारी, लातेहार हेरहंज हेमंती कुमारी, लेस्लीगंज पलामू चिकन कुमारी, चतरा हाई जंप बालक वर्ग आलोक कुमार सिंह, लेस्लीगंज राजू, नीरज कुमार चतरा, पंद्रह सौ मीटर बालिका रीना कुमारी, टंडवा मधु कुमारी, बरवाडीह, अंशिका कुमारी गारू, 15 सौ मीटर बालक वर्ग में रोहित उरांव, बालूमाथ आशीष कुमार, चतरा आदेश कुमार, हंटरगंज ने अपनी प्रतिभा का लोहा मानने का काम किया। जहां देर शाम तक कई अन्य वर्गों में प्रतियोगिता जारी रही।

### कार्यक्रम में शामिल अतिथि

सांसद खेल स्पर्धा के दौरान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ-साथ लातेहार जिला परिषद के अध्यक्ष पूनम देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार, सिंह साई इंटरनेशनल झारखंड प्रभारी विनोद सिंह, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, स्टेला नगेसिया, विनोद उरांव, कन्हाई सिंह, चतरा जिला परिषद सदस्य देवंती देवी, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान जिला खेल पदाधिकारी लातेहार शिवन्दू कुमार सिंह, चतरा क्षेत्राधिकारी तुषार कुमार चतरा उप निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, राकेश झा, वरुण तिवारी, अभिषेक केसरी और पंकज सिंह समेत काफी संख्या में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

### सांसद सुनील सिंह ने अतिथियों का किया स्वागत

गौरतलब है कि बुधवार की शाम जहां नेतरहाट के खेल मैदान में सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के ऑनलाइन संबोधन, दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम से की गई। वहीं दूसरे दिन गुरुवार को कार्यक्रम के बतौर अतिथि के रुप में शिरकत कर रहे अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज द्रोणाचार्य और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित संजीव कुमार सिंह अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज पूर्णिमा महतो, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज ज्योति सुलेखा, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी हरभजन सिंह और अंतरराष्ट्रीय धावक रहे बुधवा उरांव के साथ-साथ राष्ट्रीय खादी बोर्ड के सदस्य मनोज सिंह का सांसद सुनील सिंह की अगुवाई में स्वागत और सम्मानित करने का काम किया गया। जिसके बाद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आए लातेहार, चतरा और पलामू के खिलाड़ियों के साथ-साथ जेएप 10 की टीम के द्वारा मार्च पास्ट किया गया और अतिथियों को सलामी दी गई। इसके उपरांत झंडातोलन कार्यक्रम के साथ खेल स्पर्धा कार्यक्रम की शुरूआत की गई।



कार्यक्रम स्थल पर मंचासीन अतिथि।

### खेल के लिए नेतरहाट राज्य का सबसे बेहतर वातावरण

चतरा लोकसभा के साथ-साथ पूरे राज्य के खिलाड़ियों के खेल की प्रतिभा को निखारने के लिए नेतरहाट बेहतर स्थान है। जहां केंद्रीय खेल मंत्रालय के द्वारा खेल की प्रतिभाओं को निखारने के लिए नेतरहाट में अब आने वाले हर समय ऐसे खेल का आयोजन कराया जाए। इसका प्रस्ताव देने का काम किया जाएगा। पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूद यहां के खिलाड़ियों में खेल के जुनून और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए नेतरहाट जैसे क्षेत्र को खेल का केंद्र बनाने का काम किया जाईगा।


सांसद एवं अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

### प्रतिभा का केंद्र बनेगा नेतरहाट

अतिथि के रुप में पहुंचे अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज संजीव सिंह ने कहा कि सांसद सुनील सिंह के अथक प्रयास से कराए जा रहे सांसद खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के अंदर प्रतिभा की कमी नहीं है। जिन्हें देखकर लगता है कि खेल का मैदान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के रूप में चयन का गवाह बनेगा और इन प्रतिभाओं को निखारने में जब भी जिस तरह से मदद की जरूरत पड़ेगी सांसद सुनील सिंह जी के साथ मैं और मेरी पूरी टीम हमेशा खड़ी रहेगी।

## स्पीड न्यूज

### सासंग-सेरक ग्रामीण पथ पर ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, स्थिति गंभीर

**चंदवा।** सासंग-सेरक ग्रामीण मार्ग पर स्थिति रामपुर के पास गुरुवार की दोपहर सासंग की ओर से आ रही ट्रक ने सामने से आ रहे बाईक को चपेट ले लिया। जिससे बाईक सवार चंदन कुमार, पिता सकिन्द्र साव (बरैनी चंदवा) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़कर मौके से भाग निकला। उक्त ट्रक सद्दाम अंसारी मासियातु का बताया जा रहा है। इधर दुर्घटना में घायल चंदन को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां डॉक्टर एनके पांडेय की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। चंदन के चेहरे, सर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी में जुट जायें सभी विद्यालय : बीडीओ

**चंदवा।** गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने कमर कस ली है। बीडीओ श्री कुमार ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी विद्यालयों के प्रतिनिधि प्रखंड कर्मी रितेश कुमार एवं अनीश कुमार से संपर्क कर सकते हैं। विद्यालय कर्मी एवं छात्र छात्रा इसमें रुचि लेंगे तभी यह कार्यक्रम भव्य बनाया जा सकता है। अगर विद्यालय में इसकी तैयारी की जा रही है तो इसकी जानकारी 2 दिनों के अंदर उक्त लोगों के मोबाइल संख्या 7004897675 एवं 7543800588 से संपर्क कर देने की बात कही है। ताकि तैयारी को मूर्त रूप दिया जा सके।

### बालूमाथ के कराटे खिलाड़ियों ने एशिया कप पर जमाया कब्जा

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के गनेशपुर ग्राम के खिलाड़ियों ने कोलकता में आयोजित कराटे एशिया कप में अपना परचम लहराया है। कोच सिहान हिम्मत सिंह के नेतृत्व में ये सभी खिलाड़ी एशिया कप में भाग लेने के लिए कोलकता गए थे। जहां कराटे के बेसिक, काता और कुमिते में जूनियर कैटेगरी में पहला स्थान इंदर कुमार राम, तीसरा स्थान नारायण कुमार व चौथे स्थान पर विवेक कुमार रहे। ये सभी ग्राम गणेशपुर थाना बालूमाथ के रहने वाले है। वही सीनियर वर्ग में अखिलेश कुमार ग्राम गनेशपुर तीसरे स्थान पर रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिहान हिम्मत सिंह ने बताया कोच कि एशिया फुल कॉन्टैक्ट कराटे चैंपियनशिप 2023 ऑल इंडिया क्युकुशीन काई कराटे फेडेरेशन के नेतृत्व में किया गया था। जहां दिल्ली, उत्तरप्रदेश, नेपाल, भूटान बांग्लादेश, झारखंड समेत विभिन्न राज्य के खिलाड़ियों ने भाग लिया था जो कि अपनी प्रतिभा के अनुसार ट्रॉफी पर कब्जा रहा। उन्होंने खिलाड़ियों को कहा कि जो ट्रॉफी नही जीत पाए उन्हें निराश होने की जरूरत नही वो और हार्ड वर्क करें ताकि आने वाले अगले चैंपियन शिप में अच्छा प्रदर्सन कर सके जीत हासिल कर सके।

# एनएचआरएम कर्मियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवा प्रभावित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ एनएचएम के तहद एएनएम, जीएनएम, पारा मेडिकल स्टाफ, लैब टेक्नीशियन, समेत कई स्वास्थ्य कर्मी का सामूहिक हड़ताल पर चले जाने के कारण बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कई कार्य प्रभावित हो गया है। गुरुवार को होने वाले टीकाकरण बंदर लोरिया, आरा, करणदाग, काटांग, पल्हि, हुंडी, गणेशपुर, कुरियाय समेत लगभग 28 केंद्र में टीकाकरण कार्य प्रभावित हुआ है। वहां के ग्रामीणों ने बताया कि एनएम के हड़ताल पर जाने के कारण टीकाकरण का कार्य प्रभावित हुआ है। अगर शुक्रवार तक हड़ताल वापस नहीं हुआ तो वहीं आगामी शनिवार को होने वाले टीकाकरण कार्य नवादा, इनातु, घूरे सलैया, बचरा, कसमार, तुमगड़ा, समेत लगभग 20 केंद्र प्रभावित होंगे। वहीं हेरहंज स्वास्थ्य केंद्र कि दोनों एएनएम के हड़ताल पर चले जाने के कारण हेरहंज प्रखंड स्वास्थ्य सुविधा विहीन हो गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेश राम से पूछे जाने पर कहा कि इमरजेंसी सेवा सरकारी नर्सों एवं आउटसोर्सिंग स्टाफ को दो शिफ्ट में सेवा लेकर कार्य कराया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि बालूमाथ का स्वास्थ्य सुविधा प्रभावित ना हो। ईधर पारा मेडिकल कर्मी एएनएम, जीएनएम ने अपनी मांग को लेकर रांची व लातेहार में धरना प्रदर्शन लगातार कर दे रहे हैं। ज्ञात हो कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत कुल 20 एएनएम को 31 केंद्रों में टीकाकरण का कार्य में लगाया गया था। जो पूरी तरह प्रभावित है। इधर हड़ताल में जाने वाले लैब टेक्नीशियन, संदीप कुमार, एएनएम रिंकू कुमारी, स्नेह लताकुमारी, रीनाकुमारी, प्रेमलता, पिंगल, ललिता, जीएनएम जयरानी कुमारी, समेत कई स्वास्थ्य कर्मी ने अपनी मांग को दोहराते हुए कहा है कि जब तक हम लोगों को अस्थाई करण की घोषणा नहीं की जाती है तब तक हम लोग का आंदोलन जारी रहेगा।

## बिजली अधिकारी ने झाविस से की बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ **चंदवा में बिजली व्यवस्था सुधारने और जर्जर तार व ट्रांसफार्मर को जल्द ही दुरुस्त करने का दिया भरोसा**

**चंदवा।** झाविस द्वारा चंदवा में लचर बिजली व्यवस्था में सुधार हेतु आहूत आंदोलन को लेकर गुरुवार को बिजली विभाग व विकास समिति एक मंच पर आमने-सामने हुये। झारखंड विकास समिति के रवि डे व सत्येंद्र प्रसाद यादव ने विभाग के कनीय अभियंता संतोष कुमार मंडल के समक्ष समस्या को रखा। कहा कि चंदवा शहर व आसपास के इलाकों में 11 हजार वोल्ट व एलटी का तार काफी जर्जर अवस्था मे है साथ ही कई स्थानों पर या तो टांसफार्मर खराब हैं या फिर दयनीय स्थिति में है, इसे अविलंब ठीक किया जाए, बिजली संबंधित समस्याओं के निराकरण को लेकर कैंप लगाया जाए, शहर व ग्रामीण इलाकों में लचर बिजली व्यवस्था को ठीक करने आदि मांगे रखी। जिस पर विभाग के कनीय अभियंता ने बिजली व्यवस्था को जल्द ही सुव्यवस्थित करने का भरोसा दिया। कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा अप्रैल-मई तक आरडीएसएस स्कीम के तहत जर्जर तार को बदला जाएगा साथ ही जहां ट्रांसफार्मर खराब है वहां नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा व जर्जर ट्रांसफार्मर को भी बदले जाएंगे एवं जरूरत के मुताबिक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर भी लगाया जाएगा ताकि लोड को कम किया जा सके। मौके पर समिति के लोग एवं विभाग के अन्य लोग भी मौजूद थे।


समस्या को रखते झाविस के लोग।

## सड़क दुर्घटना का पुलिस शीघ्र खुलासा करे वरना होगा आंदोलन : प्रतुल शाहदेव

**लातेहार।** 8 जनवरी की रात मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहान के समीप हुई सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी थी जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए थे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इस पर लातेहार और मनिका पुलिस पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि घटना को 10 दिन बीत चुके है अबतक पुलिस द्वारा किसी प्रकार का बयान जारी नही किया गया। पुलिस का यह रवैया दशार्ता है कि पुलिस इस कांड में कुछ लीपापोती करने का प्रयास कर रही है या फिर पूरे मामले को पुलिस ने सीरियसली नहीं लिया है। अभी तक दुर्घटना करने वाले वाहन का सीसीटीवी फुटेज भी नहीं खोजा गया है। कई बार इन लोगों की गौ तस्करों के साथ विवाद भी हो चुका था। प्रतुल शाहदेव ने मनिका पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि अरुण घायलावस्था में दो घंटे तक ठंड में सड़क से मात्र 20 फीट की दूरी में पड़ा था पुलिस ने ढंग से जांच ही नही की थी। अब तक गाड़ी को ट्रेस नही किया गया जो कि संदेह को बल दे रहा है।

➲ **पुलिस ने अबतक जारी नहीं किया है बयान**

➲ **मनिका थाने की भूमिका भी सवाल के घेरे में, दो घंटे तक घायल पड़ा रहा था अरुण**



# उपायुक्त की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ **अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को छापेमारी कर संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का दिया निर्देश**

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर गुरूवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई। उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए कड़े शब्दों में रोष प्रकट किया और असंतुष्टि जाहिर करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें एवं लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अवैध खनन के विरुद्ध छापामारी करें। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलग्न व्यक्तियों पर दर्ज प्राथमिकी की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने के अलावे अन्य कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन के विरुद्ध किए गए कार्यों से संबंधित एक्शन टेकन रिपोर्ट ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर टास्क फोर्स के द्वारा की गई कार्रवाई की पूर्ण जानकारी लिया। उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन नहीं होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए उन्होंने दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआईआर दर्ज करने एवं संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, अंचल अधिकारी, कोल कंपनियों के अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी जुड़े थे।


वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करते पदाधिकारी।

## एक नजर में

### यादव समाज ने निकाला मशाल जुलूस



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोमर ग्राम निवासी द्वारा यादव समाज के खिलाफ किए गए अभद्र टिप्पणी के विरोध में एवं उसकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर यादव समाज ने गुरुवार की शाम एक मशाल जुलूस निकाला। जिसकी अध्यक्षता यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव ने की। मशाल जुलूस में शामिल यादव समाज के कई लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर यादव समाज पर अभद्र टिप्पणी करना बंद करो, यादव समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले को पुलिस सरंक्षण देना बंद करो, यादव समाज जिंदाबाद, जो हमसे टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा समेत कई नारा लगा रहे थे। मशाल जुलूस बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के पास से आरंभ होकर मुरपा मोड़, थाना चौक, दुर्गा मंडप, टमटमटोला होते हुए पुनः थाना चौक पहुंचा। यादव समाज पर टिप्पणी करने वाले पर कठोर एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर मनोज यादव, हरिहर यादव, उमेश यादव, प्रितलाल यादव,दीपक यादव, गंगेश्वर यादव, प्रिंस यादव, प्रकाश यादव, विपिन यादव, विजय चंद्र मोहन यादव, विजय यादव, प्रदीप यादव, अशोक यादव, गजेंद्र यादव, लालजी यादव, विवेक यादव, राजन यादव समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श रामवी परिसर में सीआरपी स्तरीय पांच दिवसीय योगा प्रशिक्षण शिविर का समापन गुरुवार को हो गया। योगा प्रशिक्षण शिविर में योग प्रशिक्षक अंजली कुमारी ने बताई कि आयुष मंत्रालय के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की निर्देश पर प्रखंड के सभी सीआरपी में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। योग शिविर में केवल सरकारी शिक्षक और शिक्षिकाओं को योग का प्रशिक्षण दिया गया है। शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए योग करना अति आवश्यक है, शुबह शाम योग करनें से कई रोगों में फायदा मिलता है। साथ ही योग करने से मन को शांति और शरीर को फुर्ती मिलती है और हमे स्वस्थ रहने के लिए योग सहायक होता है। भाग दौड़ भरी जीवन में हमें योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है। योग शिविर में कई योगों का अभ्यास कराया गया। शिविर में विभिन्न विद्यालयो में सीआरसी स्तर के शिक्षक शिक्षिका प्रशिक्षण में शामिल हुए।

### हेरनहोपा से लावालौंग जाने वाली रास्ते में मानत नदी पर पूल निर्माण के लिए की गयी मापी


पुल मापी करते लोग।

**बारियातू।** जीप सदस्य रमेश राम के पहल पर प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती बालुभांग पंचायत के हेरनहोपा से लावालौंग जाने वाली रास्ते मे मानत नदी पर पूल निर्माण के लिए गुरुवार को मापी की गई। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के अभियंता एसके दास व अन्य अधिकारियों ने मानत नदी पहुंच पूल निर्माण के लिए मापी किया। मापी के पश्चात ग्रामीणों को बताया कि बहुत जल्द ही पूल निर्माण की प्राकलन बनाकर स्वीकृति के लिए राज्य सरकार के पास भेज दी जाएगी। मानत नदी में एप्रोच पथ सहित दो सौ पचास फिट लंबी पूल का निर्माण होगा। पूल निर्माण की मापी से आसपास के ग्रामीणों को उपरोक्त नदी में पूल निर्माण की आस जग गई। साथ ही खुशी की लहर भी दौड़ गई। मानत नदी में पूल निर्माण होने से बालुभांग पंचायत सहित अन्य पंचायतों के निवासियों को चतरा व बिहार राज्य जाने में काफी सहूलियत के साथ साथ आर्थिक बोझ कम पड़ेगी व समय भी बचेगी। पूल निर्माण मापी के समय पंचायत के मुखिया केदार गंझू, हेरनहोपा के इंद्रजीत यादव,अजय यादव,लवलेश यादव,अमन कुमार,जगदीश गंझू,उमेश राम,पूरन राम,संजय यादव सहित चतरा जिले के लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण भी उपस्थित थे।

